दिन—गुरूवार दिनांक— 27 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है देश में पूर्ण बहुमत वाली एक स्थिर सरकार बनी है और ऐसे में सरकार के लिए भारत के लोगों की आकांक्षाएं सर्वोच्च है। संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुये राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है। यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा और सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि दस साल में देश 11वें स्थान से उठकर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने महामारी और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की। राष्ट्रपति ने कहा कि मौजूदा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है।

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचे। परीक्षाओं में पेपर लीक पर बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार दोषियों को दंडित करने और मामले की जांच के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षाओं में अनियमितता की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एक कानून भी पारित किया है। राष्ट्रपति के संबोधन के बाद संसद को कल सुबह ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में जदयू सांसदों के साथ मुलाकात की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भाजपा और जदयू लम्बे समय से एक साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन के लिए दोनों पार्टियां आगे भी मिलकर काम करती रहेगी।

———————————————————————

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, नीट पेपर लीक मामले में आज बेउर जेल पहुंचकर आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिन्टू और मुकेश को पूछताछ के लिए रिमांड पर ले लिया है। कल पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने जांच एजेंसी को इन दोनों आरोपियों की सात दिनों की रिमांड दी थी। इधर, हजारीबाग में सीबीआई की टीम ने ओएसिस विद्यालय के प्राचार्य से लम्बी पूछताछ की है। जांच एजेंसी को

इसी विद्यालय से पेपर लीक होने का अंदेशा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीआई ने हजारीबाग में आठ लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान—एम्स से छुट्टी दे दी गई है। वृद्धावस्था संबंधी स्वास्थ्य कारणों के बाद उन्हें कल रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिम, उत्तर—पूर्व और उत्तर—मध्य हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चम्पारण जिले के रामनगर में सबसे अधिक एक सौ आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, गोपालगंज में इक्यानवे दशमलव चार और सुपौल के बसुआ में पचासी दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि मॉनसून की उत्तरी सीमा अभी पटना से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिम हिस्सों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश जबकि शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इधर, आज राजधानी पटना के कई हिस्सों में बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से रहात मिली है।

———————————————————————

किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डूबाडांगी गांव के पास कनकई नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे नदी पर बने एक पुल का पाया धंस गया। जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि पुल पर वाहनों की आवाजही तत्काल बंद करा दी गयी है। लोगों से वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करने को कहा गया है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में वाल्मीकि सभागार और अतिथि गृह परिसर का लोकार्पण किया। श्री कुमार ने कन्वेशन सेंटर परिसर में महर्षि वाल्मिकी की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंतराज और स्थानीय सांसद सुनील कुमार मौजूद थे।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

बक्सर जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र अन्तर्गत खनिता गांव में अपराधियों ने घर के बाहर सो रहे एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी।

———————————————————————————

एसएसबी की पैंतालीसवीं बटालियन की ओर से सुपौल के पिपराही में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गयी और उन्हें निःशुल्क दवा दी गयी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।